

10 जून 2024

# कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट



smc
moneywise. be wise.

## प्रमुख खबरें

- ओपेक+ ने अप्रैल 2023 में घोषित लगभग 1.66 मिलियन बैरल प्रतिदिन की स्वैच्छिक कटौती अगले साल के अंत तक जारी रहेगी: रॉयटर्स।
- मई 2024 में, भारत का कोयला उत्पादन 83.91 मिलियन टन (अनंतिम) तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 76.18 मिलियन टन की तुलना में 10.15% की वृद्धि है।
- वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की शुद्ध खरीद अप्रैल में बढ़कर 33 मीट्रिक टन हो गई, जबकि मार्च में संशोधित शुद्ध खरीद 3 टन थी।
- सीमा शुल्क से आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दुनिया में कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन ने मई में 46.97 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात किया।
- आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जिससे वार्षिक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत हो गई।
- भारत का मैनुफैक्चरिंग पीएमआई मई में गर्मी के कारण 57.5 के 3 महीने के निचले स्तर पर आ गया।
- जहाज ट्रैकिंग इंटेलिजेंस फर्म वोर्टेक्सा से मिले आंकड़ों के अनुसार देश ने मई में 1.24 मिलियन बैरल प्रतिदिन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया, जो अप्रैल में 1.20 मिलियन बैरल प्रतिदिन के मुकाबले 3.3% की मामूली वृद्धि है।
- केपलर के नवीनतम जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों के अनुसार भारत में रूस से कच्चे तेल का आयात 1.96 मिलियन बैरल प्रतिदिन के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले साल जुलाई के बाद से सबसे अधिक है, जब आयात 2.06 मिलियन बैरल प्रतिदिन था।
- भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों द्वारा रखे गए केंद्रीय पूल में गेहूं का स्टॉक इस महीने की शुरुआत में 30.09 मिलियन टन (एमटी) तक कम हो गया, जो 2008 के बाद से सबसे निचला स्तर है।

### NCDEX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 31.05.24 | 06.06.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| जीरा | 27090.00 | 29610.00 | 9.30% |
| कैस्टर ऑयल | 1160.00 | 1163.50 | 0.30% |
| धनिया | 7422.00 | 7436.00 | 0.19% |
| कैस्टर सीड | 5702.00 | 5712.00 | 0.18% |

### MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 31.05.24 | 06.06.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| नेचुरल गैस | 215.20 | 234.00 | 8.74% |
| चांदी | 91570.00 | 93816.00 | 2.45% |
| सोना | 71886.00 | 73131.00 | 1.73% |
| सोना गिनी | 58654.00 | 59334.00 | 1.16% |
| तांबा | 871.80 | 881.80 | 1.15% |

### NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 31.05.24 | 06.06.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| कॉटनऑयलसीडकेक | 2739.00 | 2676.00 | -2.30% |
| बाजरा | 2360.00 | 2320.00 | -1.69% |
| ग्वारसीड | 5468.00 | 5380.00 | -1.61% |
| हल्दी | 17606.00 | 17330.00 | -1.57% |
| कच्चा सूरजमुखी तेल | 930.70 | 916.30 | -1.55% |

### MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 31.05.24 | 06.06.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| निकल | 1705.00 | 1608.50 | -5.66% |
| कच्चा तेल | 6453.00 | 6326.00 | -1.97% |
| जिंक | 265.60 | 261.80 | -1.43% |
| लेड | 191.70 | 189.95 | -0.91% |
| कॉटन | 57240.00 | 56900.00 | -0.59% |

## साप्ताहिक समीक्षा

डॉलर इंडेक्स में गिरावट के कारण सीआरबी इंडेक्स में उछाल आया और यह 342 के करीब बंद हुआ। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और डॉलर इंडेक्स में तेज गिरावट ने कमोडिटी की कीमतों को बढ़ावा दिया, भले ही आंतरिक घटनाक्रमों की कमी थी। डॉलर इंडेक्स लगातार दूसरे सप्ताह गिरकर 104 के स्तर के करीब बंद हुआ। भारतीय रुपये में भी दूसरे सप्ताह गिरावट हुई, जिससे भारतीय सोने की कीमतों में तेजी आई। दो सप्ताह की गिरावट के बाद सोना और चांदी दोनों में उछाल आया। यूबीएस ने 2024 के अंत में चांदी के लिए 36 डॉलर और औसतन 30.5 डॉलर का लक्ष्य रखा है, जो इसके पिछले पूर्वानुमानों की तुलना में क्रमश: 20% और 14% अधिक है। औद्योगिक मांग में उछाल आया है, सौर ऊर्जा की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पिछले साल चांदी की मांग का 40% से अधिक था। इसके अलावा, पिछले दशकों में चांदी के बार और सिक्कों की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कच्चे तेल की कीमतों में तीसरे सप्ताह भी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन बाद में सप्ताह के अंत में इसमें कुछ गिरावट दर्ज की गई, और एमसीएक्स पर कच्चे तेल का भाव 6073 के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो 6330 के करीब बंद हुआ। शुक्रवार को तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई, क्योंकि ओपेक+ के सदस्य सऊदी अरब और रूस ने उत्पादन समझौतों को रोकने या वापस लेने की तत्परता का संकेत दिया, लेकिन बाजार लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट की ओर बढ़ रहे थे। नयी खरीद से तांबे की कीमतों में तेजी दर्ज की गई, जबकि लेड, एल्युमीनियम और जिंक की कीमतों में गिरावट हुई और ये गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह नेचुरल गैस की कीमतों में मजबूती जारी रही। आवास बाजार को स्थिर करने पर चीन की नई नीति पर जोर, ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के कारण धातुओं की मांग को बढ़ावा मिल रहा है। एक निजी क्षेत्र के सर्वेक्षण के अनुसार, मई में चीन की मैनुफैक्चरिंग गतिविधि ने लगभग दो वर्षों में सबसे तेज गति दर्ज की, जो मजबूत उत्पादन और छोटी, निर्यात-उन्मुख फर्मों में नए ऑर्डरों से प्रेरित है। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर आंकड़ों के कारण खरीद में ठहराव आया।

कृषि क्षेत्र में, अरंडी की कीमतें उच्च स्तरों पर स्थिर हुई, जो ब्रेकआउट के लिए तैयार दिख रही है। सूरजमुखी का तेल सीमित दायरे में रहा। सामान्य मानसून और कमजोर मांग की खबर के कारण ग्वार बाजार कमजोर रहा। मसालों में विभिन्न दिशाओं में उतार-चढ़ाव रहा। धनिया की कीमतें एक दायरे में रहीं और 7440 के करीब बंद हुई। स्थानीय बाजार में खरीदारी गतिविधियों में वृद्धि के कारण जीरा की कीमतें अपने निचले स्तर से उछलकर 29500 के करीब बंद हुई, जबकि हल्दी की कीमतों में काफी गिरावट हुई। लेकिन प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर आपूर्ति पर्याप्त रही है, जिसने अहम बढ़त को सीमित कर दिया। मई 2024 के दौरान प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 51 हजार टन जीरा की आवक हुई जबकि अप्रैल 2024 में 45.7 हजार टन और पिछले साल इसी महीने में 22 हजार टन जीरा की आवक हुई थी।



## हाजिर कीमतें

| कमोडिटी | स्थान | 31.05.2024 | 06.06.2024 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|---|
| जौ | जयपुर | 2157.15 | 2130.40 | -1.24% |
| चना | दिल्ली | 7158.55 | 7101.75 | -0.79% |
| धनिया | कोटा | 7531.90 | 7490.35 | -0.55% |
| क्रूड पॉम ऑयल | कांडला | 888.15 | 885.65 | -0.28% |
| गुड़ | मुजफ्फरपुर | 1,648.35 | 1,648.35 | 0.00% |
| ग्वारसीड | जोधपुर | 5533.40 | 5480.00 | -0.97% |
| ग्वारगम | जोधपुर | 10,807.70 | 10,650.00 | -1.46% |
| जीरा | ऊंझा | 28048.60 | 29077.50 | 3.67% |
| सरसों | जयपुर | 6164.35 | 6120.05 | -0.72% |
| रिफाइंड सोया तेल | मुंबई | 965.00 | 962.50 | -0.26% |
| सोयाबीन | इंदौर | 4803.25 | 4759.40 | -0.91% |
| हल्दी | निजामाबाद | 18038.25 | 17965.20 | -0.40% |
| गेहूं | दिल्ली | 2599.40 | 2601.20 | 0.07% |
| कॉटन | कड़ी | 27297.55 | 27345.35 | 0.18% |
| कॉटनऑयलसीडकेक | अकोला | 2839.45 | 2800.45 | -1.37% |

## LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 31.05.2024 | 06.06.2024 | बदलाव(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | LME | नकद | 2652.50 | 2647.50 | -0.19% |
| तांबा | LME | नकद | 10040.00 | 10149.00 | 1.09% |
| लेड | LME | नकद | 2273.00 | 2241.50 | -1.39% |
| निकल | LME | नकद | 19710.00 | 18531.00 | -5.98% |
| जिंक | LME | नकद | 2969.50 | 2910.00 | -2.00% |
| सोना | COMEX | जून | 2322.90 | 2370.30 | 2.04% |
| चांदी | COMEX | जुलाई | 30.44 | 31.37 | 3.05% |
| लाइट क्रूड | NYMEX | जुलाई | 76.99 | 75.55 | -1.87% |
| नेचुरल गैस | NYMEX | जून | 2.59 | 2.82 | 9.05% |

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 31.05.2024 | 06.06.2024 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन | CBOT | जुलाई | 1,205.00 | 1,200.00 | -0.41% |
| सोया तेल | CBOT | जुलाई | 45.52 | 44.35 | -2.57% |
| कॉटन | ICE | जुलाई | 76.15 | 75.44 | -0.93% |
| सीपीओ | BMD | अगस्त | 4,076.00 | 3,960.00 | -2.85% |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

| कमोडिटी | यूनिट | 30.05.2024 क्वांटिटी | 06.06.2024 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| कॉटन | मी.टन | 0 | 0 | 0 |
| बाजरा | मी.टन | 381 | 0 | -381 |
| जौ | मी.टन | 381 | 381 | 0 |
| कैस्टर सीड | मी.टन | 25617 | 26907 | 1290 |
| धनिया | मी.टन | 9931 | 10634 | 703 |
| कॉटनऑयलसीडकेक | मी.टन | 50831 | 50484 | -347 |
| ग्वारगम | मी.टन | 17925 | 17848 | -77 |
| ग्वारसीड | मी.टन | 17536 | 17097 | -439 |
| जीरा | मी.टन | 180 | 180 | 0 |
| स्टील | मी.टन | 10 | 10 | 0 |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

| कमोडिटी | यूनिट | 31.05.2024 क्वांटिटी | 06.06.2024 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | मी.टन | 310.271 | 174.547 | -136 |
| तांबा | मी.टन | 1099945 | 738313 | -361632 |
| सोना | किग्रा | 114 | 112 | -2 |
| सोना मिनी | किग्रा | 1776 | 1776 | 0 |
| सोना गिनी | किग्रा | 22500 | 67300 | 44800 |
| लेड | किग्रा | 0 | 0 | 0 |
| चांदी (30 किग्रा बार) | किग्रा | 324650.732 | 324871.321 | 221 |
| चांदी एम | किग्रा | 50272.755 | 50272.755 | 0 |
| जिंक | मी.टन | 0 | 0 | 0 |

## LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

| कमोडिटी | स्टॉक की स्थिति 31.05.2024 | स्टॉक की स्थिति 06.06.2024 | अंतर |
|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | 1113150 | 1107500 | -5650.00 |
| तांबा | 116000 | 122200 | 6200.00 |
| निकल | 83724 | 84756 | 1032.00 |
| लेड | 183650 | 182550 | -1100.00 |
| जिंक | 255925 | 260775 | 4850.00 |

## ट्रेंड शीट

| एक्सचेंज | कमोडिटी | कांट्रेक्ट | बंद* भाव | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड | भाव के ट्रेंड में बदलाव | सपोर्ट | रेजिस्टेंस | क्लोजिंग स्टॉप लास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NCDEX | जीरा | जून | 29610.00 | 30.05.24 | मंदी | 28900.00 | - | 30470.00 | 30550.00 |
| NCDEX | हल्दी | जून | 17330.00 | 28.05.24 | मंदी | 19800.00 | - | 18880.00 | 19000.00 |
| NCDEX | धनिया | जून | 7436.00 | 27.05.24 | मंदी | 7600.00 | - | 7830.00 | 7900.00 |
| NCDEX | ग्वारसीड | जून | 5380.00 | 14.02.24 | तेजी | 5300.00 | 5200.00 | - | 5150.00 |
| NCDEX | ग्वारगम | जून | 10501.00 | 28.03.24 | तेजी | 10000.00 | 10250.00 | | 10200.00 |
| NCDEX | कैस्टरसीड | जून | 5712.00 | 18.01.24 | तेजी | 5650.00 | 5520.00 | - | 5500.00 |
| NCDEX | सुरजमुखी तेल | जून | 916.30 | 06.03.24 | तेजी | 845.00 | 875.00 | - | 870.00 |
| NCDEX | कॉटनऑयलसीडकेक | जून | 2676.00 | 16.05.24 | तेजी | 2630.00 | 2530.00 | - | 2500.00 |
| NCDEX | कपास | अप्रैल-25 | 1573.50 | 16.05.24 | तेजी | 1565.00 | 1535.00 | | 1530.00 |
| MCX | मेंथा ऑयल | जून | 916.00 | 27.09.23 | मंदी | 960.00 | - | 975.00 | 980.00 |
| MCX | बुलडेक्स | जून | 19017.00 | 04.03.24 | तेजी | 16600.00 | 18250.00 | - | 18200.00 |
| MCX | चांदी | जुलाई | 93816.00 | 04.03.24 | तेजी | 72200.00 | 88900.00 | - | 88800.00 |
| MCX | सोना | अगस्त | 73131.00 | 04.03.24 | तेजी | 64000.00 | 71200.00 | - | 71150.00 |
| **MCX** | **तांबा** | **जून** | **881.80** | **06.06.24** | **मंदी** | **880.00** | **-** | **915.00** | **920.00** |
| **MCX** | **लेड** | **जून** | **189.05** | **06.06.24** | **मंदी** | **189.50** | **-** | **197.00** | **198.00** |
| **MCX** | **जिंक** | **जून** | **261.80** | **05.06.24** | **मंदी** | **257.00** | **-** | **280.00** | **281.00** |
| **MCX** | **एल्युमिनियम** | **जून** | **241.65** | **05.06.24** | **मंदी** | **238.00** | **-** | **252.50** | **253.00** |
| MCX | कच्चा तेल | जून | 6326.00 | 21.05.24 | मंदी | 6550.00 | - | 6730.00 | 6750.00 |
| MCX | नेचुरल गैस | जून | 234.00 | 26.04.24 | तेजी | 165.00 | 205.00 | - | 204.00 |

*06/06/2024 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

## टेक्निकल सुझाव

**एल्युमीनियम ( जून ) एमसीएक्स**



**एल्युमीनियम ( जून ) एमसीएक्स** **उच्चस्तर: 252.10** **निचला स्तर: 228.30**

एमसीएक्स में एल्युमीनियम (जून) कॉन्ट्रैक्ट 06 जून 2024 को 241.65 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 241.831 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 48.81 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**248.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 228.00 रू के टारगेट के लिए 242.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।**

**कच्चा तेल ( जून ) एमसीएक्स**



**कच्चा तेल ( जून ) एमसीएक्स** **उच्च स्तर: 6818.00** **निचला स्तर: 6073.00**

एमसीएक्स में कच्चा तेल (जून) कॉन्ट्रैक्ट 06 जून 2024 को 6326.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 6460.63 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 39.89 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**6500.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 5980.00 रू के टारगेट के लिए 6350.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।**

**ग्वारसीड ( जून ) एनसीडीईएक्स**



**ग्वारसीड ( जून ) एनसीडीईएक्स** **उच्चस्तर: 5575.00** **निचला स्तर: 5210.00**

एमसीएक्स में ग्वारसीड (जून) कॉन्ट्रैक्ट 06 जून 2024 को 5380.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 5453.38 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 41.228 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

**5190.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 5550.00 रू के टारगेट के लिए 5300.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।**

# अगले सप्ताह में बाजार का रुख

## मसाले

पिछले सप्ताह के दौरान हल्दी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया क्योंकि 16368 के साप्ताहिक निचले स्तर को छूने के बाद सप्ताह के अंत तक कीमतों में लगभग 1430 अंकों की रिकवरी हुई, जो हाल के निचले स्तरों पर आक्रामक खरीद को दर्शाता है। भारत भर में कम आपूर्ति के कारण हाजिर कीमतों में नुकसान सीमित रहा क्योंकि जून 2024 के पहले सात दिनों के दौरान एपीएमसी मंडियों में लगभग 2056 टन हल्दी की आवक हुई, जबकि पिछले सप्ताह यह 5643 टन थी। हल्दी में मजबूती बरकरार रहने की संभावना है क्योंकि पिछले साल की तुलना में कुल आवक की गति धीमी रही है और प्रत्येक गुजरते सप्ताह के साथ इसमें कमी रहने की संभावना है। मई 2024 में भारत भर की प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 33 हजार टन हल्दी की आवक हुई, जबकि पिछले वर्ष इसी समयावधि में यह 61.7 हजार टन थी भारत से हल्दी का निर्यात मार्च 2024 में साल-दर-साल 7% घटकर 17.43 हजार टन रह गया, जबकि अप्रैल 2023-मार्च 2024 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 4.7% कम 162.0 हजार टन रहा। हल्दी की कीमतों के 16600-19800 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है।

स्थानीय बाजार में नए सिरे से खरीदारी के बाद सप्ताह के दौरान जीरा वायदा में तेज बढ़त देखी गई। जून में आपूर्ति में फिर से गिरावट हुई क्योंकि पिछले सप्ताह के 8373 टन की तुलना में भारत भर में प्रमुख एपीएमसी मंडियों में केवल 4218 टन की आवक दर्ज की गई। मई 2024 में बेहतर कीमत प्राप्ति के बाद किसानों और स्टॉकिस्टों ने अपने स्टॉक को बेच दिया, लेकिन कीमतों में अधिक तेजी की उम्मीद में अब उन्होंने जून 2024 में भारी बिक्री से परहेज किया। जीरे का कुल उत्पादन साल दर साल 30% अधिक रहने की संभावना है, जो वर्ष 2024-25 में 8.15 लाख टन के करीब हो सकता है। लेकिन, जीरे की निर्यात मांग अधिक रही है, जो कीमतों में बड़ी गिरावट को रोक देगी। मार्च 2024 में भारत से जीरे का निर्यात साल दर साल 73% बढ़कर 32.12 हजार टन रहा। जीरे की कीमतों के 24000-33000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

बाजार में आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण धनिया की कीमत में तेजी दर्ज की गई। धीमी आवक और कमजोर उत्पादन अनुमानों ने कीमतों में मजबूती का समर्थन किया। आपूर्ति में गिरावट हुई है क्योंकि मई 2024 में भारत भर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर केवल 38 हजार टन धनिया की आवक हुई, जबकि अप्रैल 2024 में 45 हजार टन और पिछले वर्ष इसी महीने 97 हजार टन धनिया की आवक हुई थी। निर्यात अधिक रहा है जिससे कीमतों में मजबूती को भी समर्थन मिलेगा। चीन और बांग्लादेश से मांग बढ़ी है जिससे निर्यातकों ने कीमतों में हाल ही गिरावट के कारण धनिया खरीदा है। अप्रैल 2023-मार्च 2024 के दौरान धनिया का कुल निर्यात 94.9 हजार टन दर्ज किया गया, जो साल-दर-साल 115% अधिक है। धनिया का कुल उत्पादन साल दर साल 26% कम रहने की संभावना है, जिससे धनिया में प्रमुख रुझान तेजी का रहेगा। धनिया की कीमतों के 6900-7800 के दायरे में रहने की संभावना है।

## अन्य कमोडिटीज

आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कॉटन की कीमतों में उतार-चढ़ाव की उम्मीद है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार वर्ष 2023-24 में 309.7 लाख गांठ उत्पादन में से लगभग 295 लाख गांठ की आवक होने के कारण आवक कम रहने की संभावना है। कीमतें अमेरिका में चल रही रोपण प्रगति से संकेतों का अनुसरण कर सकती हैं। अमेरिका ने 3 जून तक कपास के अनुमानित रोपण क्षेत्र का लगभग 70% रोपण किया, जबकि पिछले वर्ष यह 68% था और पिछले पांच वर्षों के औसत के समान है। एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 55000-59500 के बीच कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-25) वायदा की कीमतों के 1540-1640 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

घरेलू मांग में कमी के कारण ग्वार सीड वायदा में नरमी दर्ज की गई। आवक में वृद्धि और घरेलू मांग में कमी ने बाजार के सेंटीमेंट को प्रभावित किया। मई 2024 के दौरान भारत भर की प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 21 हजार टन ग्वारसीड की आवक हुई, जबकि पिछले वर्ष 17 हजार टन और अप्रैल 2024 में 13 हजार टन ग्वारसीड की आवक हुई थी। आगामी बुवाई गतिविधियों पर मुख्य ध्यान केंद्रित होने की संभावना है, जो मॉनसून की वर्षा के साथ आने वाले हफ्तों में गति पकड़ने की संभावना है। मौसम की स्थिति बुवाई गतिविधियों के अनुकूल होने की संभावना है, जिससे ग्वारसीड के तहत क्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कीमतों में अत्यधिक गिरावट को रोक देगी। मार्च 2024 में ग्वार डेरिवेटिव उत्पादों का निर्यात साल-दर-साल 40% बढ़कर 40.7 हजार टन हो गया। ग्वारसीड की कीमतों को 5040 के आसपास सपोर्ट मिलने की उम्मीद है, जबकि रेजिस्टेंस 5700 पर देखा जा रहा है। इसी तरह, ग्वारगम की कीमतों को 9800 के आसपास सपोर्ट मिलने की संभावना है, जबकि रेजिस्टेंस 11300 पर देखा जा रहा है।

आने वाले हफ्तों में नई आवक बढ़ने से आपूर्ति की संभावनाओं में सुधार के साथ मेंथा तेल की कीमतों में गिरावट होने की संभावना है। मेंथा तेल की कीमतों के 900-970 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर सीमित उपलब्धता के मुकाबले बढ़ती मांग के कारण अरंडी की कीमतों में तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने की उम्मीद है। कैस्टरसीड की कीमतों के 5500-5900 के स्तर पर कारोबार करने की संभावना है।

## सर्राफा

बुलियन की कीमतें तेजी के साथ कारोबार कर सकती हैं क्योंकि व्यापारियों ने यह अनुमान लगाया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व जल्द ही दरों में कटौती शुरू कर देगा, जिससे डॉलर और ट्रेजरी यील्ड कम हो जाएंगे। वैश्विक स्तर पर, ब्याज दर की उम्मीदें कम हो रही हैं। बुधवार को, बैंक ऑफ कनाडा ने अपनी दर 5.00% से घटाकर 4.75% कर दी और गुरुवार को यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने भी ऐसा ही किया, अपनी मुख्य ब्याज दर को 0.25% घटाकर 4.25% कर दिया। स्विट्जरलैंड में कम मुद्रास्फीति के आंकड़ों के जारी होने के बाद, स्विस नेशनल बैंक द्वारा 20 जून को अपना निर्णय लेने पर अपनी प्रमुख दर में कटौती करने की अटकलें भी बढ़ रही हैं। ब्याज दरों को कम करने का निर्णय सोने के लिए सकारात्मक है क्योंकि यह गैर-यील्ड संपत्ति को धारण करने की अवसर लागत को व्यापक रूप से कम करता है। अप्रैल में अमेरिका में नौकरी के अवसर उम्मीद से अधिक कम हो गए, क्योंकि श्रम बाजार की स्थिति कमजोर हो गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने कहा कि वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की शुद्ध खरीद अप्रैल में बढ़कर 33 मीट्रिक टन हो गई, जबकि मार्च में संशोधित शुद्ध खरीद 3 टन थी। इससे धातु की ऊंची कीमतों के बावजूद इस क्षेत्र में मजबूत मांग जारी रहने का संकेत मिलता है। लेकिन रूस के वित्त मंत्रालय ने कहा कि वह आने वाले महीने में विदेशी मुद्रा और सोने की अपनी खरीद कम करेगा, जो यह एक ऐसा कदम है जिससे राज्य की कुल विदेशी मुद्रा बिक्री में वृद्धि होगी। सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में स्विस सोने के निर्यात में मार्च की तुलना में गिरावट हुई है क्योंकि भारत और तुर्की को अधिक आपूर्ति की भरपाई चीन और हांगकांग को कम डिलीवरी से हुई। सोने की कीमतें 72000-75000 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं जबकि चांदी की कीमतें 92000-96000 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। औद्योगिक धातुओं में सुधार चांदी की कीमतों के लिए सकारात्मक है।

## एनर्जी कॉम्पलेक्स

अमेरिका में बढ़ते भंडार और आपूर्ति बढ़ाने की ओपेक+ योजना के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोलियम निर्यातक देशों और सहयोगियों के संगठन (ओपेक+) ने घोषणा की है कि कार्टेल सितंबर 2024 के अंत से अक्टूबर 2025 तक 2.2 मिलियन बैरल/दिन कटौती को कम करना शुरू कर देगा। आने वाले दिनों में तेल की कीमतों में कुछ तेजी आ सकती है क्योंकि ओपेक+ के सदस्य सऊदी अरब और रूस से आश्वासन मिला है कि वे उत्पादन समझौतों को रोकने या उलटने के लिए तैयार हैं। पेट्रोलियम निर्यातक देशों और रूस सहित सहयोगियों के संगठन ने 2025 तक उत्पादन कटौती को बढ़ाने पर सहमति जताई, लेकिन आठ सदस्यों की ओर से स्वैच्छिक कटौती की गुंजाइश छोड़ी, जिसे धीरे-धीरे कम किया जाएगा। सऊदी ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान ने गुरुवार को कहा कि अगर ओपेक+ को लगता है कि बाजार पर्याप्त मजबूत नहीं है, तो वह स्वैच्छिक उत्पादन वृद्धि को रोक सकता है या उलट सकता है। सीमा शुल्क विभाग के आधिकारिक आँकड़ों से पता चला है कि दुनिया में कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन ने मई में 46.97 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात किया। रॉयटर्स के एक दस्तावेज के अनुसार सऊदी अरब ने एशिया के लिए अपने प्रमख अरब लाइट क्रूड ऑयल की आधिकारिक बिक्री कीमत जुलाई के लिए ओमान/दुबई औसत के मुकाबले 2.40 डॉलर अधिक निर्धारित की है। कच्चे तेल की कीमतें 6150-6500 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। नेचुरल गैस की कीमतें उच्च अस्थिरता के साथ 210-260 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। गैस भंडारण में बढ़ोतरी विश्लेषकों के अनुमानों से काफी अधिक है, जो नेचुरल गैस बाजारों के लिए मंदी है। लेकिन, गर्म मौसम के कारण नेचुरल गैस की मौजूदा मांग अधिक है। मौसम पूर्वानुमानों का मतलब है कि महीने के मध्य में नेचुरल गैस की मांग उच्च स्तर पर वापस आ जाएगी।

## बेस मेटल

शीर्ष उपभोक्ता चीन से अपेक्षा से कम भौतिक मांग के कारण बेस मेटल की कीमतें साइडवेज कारोबार कर सकती हैं। कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि के कारण चीन में धातुओं की मांग प्रभावित हुई है। मई में चीन में फैक्ट्री गतिविधि में अप्रत्याशित गिरावट आई, क्योंकि देश में लंबे समय से चल रहा संपत्ति संकट व्यापार और उपभोक्ता दृष्टिकोण को कमजोर कर रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के डेटा के अनुसार चीन के आधिकारिक क्रय प्रबंधकों का सूचकांक अप्रैल में 50.4 से मई में 49.5 पर आ गया, जो विकास को गिरावट से अलग करने वाले 50 अंक से नीचे है और रॉयटर्स पोल में 50.4 के औसत पूर्वानुमान से भी कम है। लेकिन आवास बाजार को स्थिर करने पर चीन की नई नीति पर जोर, ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के कारण धातुओं की मांग को बढ़ावा मिल सकता है। तांबे की कीमतें 860-895 के दायरे में कारोबार कर सकती है। देश के ऊर्जा संक्रमण प्रयासों से चीन में तांबे की मांग मजबूत बनी हुई है। यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में संभावित मैनुफैक्चरिंग सुधारों के साथ-साथ मांग में योगदान देने के लिए प्रोत्साहन उपायों से तांबे की मांग में वृद्धि को बनाए रखने की उम्मीद है। सामान्य प्रशासन सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चला है कि मई में चीन में कच्चे तांबे के आयात में एक साल पहले की तुलना में 15.8% की वृद्धि हुई। लेकिन अधिक भंडार से काउंटर पर दबाव पड़ सकता है। शीर्ष तांबा उपभोक्ता चीन का भंडार पिछली बार 321,695 टन था, जो अप्रैल 2020 के बाद सबसे अधिक था, जबकि एलएमई भंडार 24 अप्रैल के बाद से अपने उच्चतम स्तर 118,950 टन पर पहुंच गया है। जिंक की कीमतें 250-275 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। लेड की कीमतें 185-195 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। एल्युमीनियम की कीमतें 232-250 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। एल्युमीनियम उत्पादन में एक प्रमुख उत्पाद एल्युमीना की हाल ही में कमी आई है, जो चीन से उत्पादन में कमी और रियो टिंटो के ऑस्ट्रेलियाई निर्यात में व्यवधान के कारण बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम संस्थान के अनुसार, अप्रैल में वैश्विक प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन साल-दर-साल 3.3% बढ़कर 5.898 मिलियन टन हो गया है।

## पीएमआई ... "आर्थिक स्वास्थ्य का संकेतक"

पर्चेजिंग मैनेजर सूचकांक (पीएमआई) मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों में आर्थिक रुझानों की प्रचलित दिशा का सूचकांक है। पीएमआई का उद्देश्य कंपनी, विश्लेषकों और निवेशकों को निर्णय लेने के लिए वर्तमान और भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

### भारत का मैन्युफैक्चरिंग सूचकांक

एचएसबीसी क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के अनुसार, भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि अप्रैल के 58.8 से कम होकर मई में 57.5 पर आ गई, जो इस क्षेत्र के स्वास्थ्य में धीमी लेकिन अभी भी पर्याप्त सुधार का संकेत है। मुख्य आंकड़ा इसके दीर्घकालिक औसत से लगभग चार अंक अधिक है।

3 जून को जारी आंकड़ों के अनुसार देश की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि 50 के अहम निशान से ऊपर रही, जो गतिविधि में विस्तार और गिरावट का विभाजक है, साथ ही दीर्घकालिक औसत (53.9) से भी अधिक है।


विकास को नए व्यापार लाभ, मांग की मजबूती और सफल मार्केटिंग प्रयासों का समर्थन मिला । मंदी का कारण अधिक गर्मी और बढ़ती उत्पादन लागत के बीच काम के घंटे कम होना है।

### चीन का मैन्युफैक्चरिंग सूचकांक

चीन का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अप्रैल के 50.4 से गिरकर मई में 49.5 पर आ गया। मई के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई ने 3 महीने का निचला स्तर दर्ज किया और हाल ही में औद्योगिक गतिविधि के मजबूत आंकड़ों के बाद भी निराशाजनक रहा। इस गिरावट का कारण उत्पादन में कमी, कमजोर नए ऑर्डर और निर्यात ऑर्डर में कमी थी, जो मांग में कमी का संकेत देते हैं। इस महीने की गिरावट का मुख्य कारण नए ऑर्डर (49.6) और नए निर्यात ऑर्डर (48.3) में गिरावट थी, जो दो महीने के विस्तार के बाद फिर से गिरावट दर्ज किए है। मई में उत्पादन (50.8) भी धीमा रहा, लेकिन लगातार तीसरे महीने बढ़त दर्ज करने में कामयाब हुआ। रोजगार (48.1) में थोड़ा बदलाव हुआ, लेकिन लगातार 15वें महीने गिरावट हुई।

### अमेरिका का मैन्युफैक्चरिंग सूचकांक

मई में अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि लगातार दूसरे महीने धीमी रही, क्योंकि नए माल के ऑर्डर में लगभग दो वर्षों में सबसे अधिक गिरावट हुई। इंस्टीट्यूट फॉर सप्लाई मैनेजमेंट का मैन्युफैक्चरिंग क्रय प्रबंधक सूचकांक अप्रैल के 49.2 से गिरकर मई 48.7 हो गया। यह लगातार दूसरी गिरावट है और 50 के स्तर से नीचे का दूसरा महीना है। फैक्ट्री सेक्टर पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से दबाव में है, पिछले 19 महीनों में से 18 महीनों में आईएसएम के आउटपुट के माप में कमी देखने को मिला है, क्योंकि फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के सख्त होने के कारण उच्च ब्याज दरों ने वस्तुओं की मांग को कम कर दिया है।



स्रोत: रॉयटर्स और एसएमसी रिसर्च

### जापान का मैन्युफैक्चरिंग सूचकांक

एक व्यावसायिक सर्वेक्षण से पता चला है कि जापान की फैक्ट्री गतिविधि मई में एक साल में पहली बार बढ़त दर्ज की है, क्योंकि कई महीनों की कमजोरी के बाद मैन्युफैक्चरिंग ने गति पकड़ी है। जापान के मैन्युफैक्चरिंग क्रय प्रबंधकों का सूचकांक अप्रैल के 49.6 से मई में 50.5 तक बढ़ गया, जो पिछले साल मई में दर्ज की गई 50.0 सीमा को पार कर गया। हेडलाइन आँकड़ों में योगदान देने वाले दो प्रमुख उपसूचकांक, आउटपुट और नए ऑर्डर, धीमी गति से कम हुऐ, जबकि खरीद के स्टॉक में 10 महीनों में सबसे तेज गति से वृद्धि हुई।

### यूरोजोन का मैन्युफैक्चरिंग सूचकांक

यूरो जाने का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अप्रैल के 45.7 से बढ़कर मई में 47.3 पर पहुँच गया, जो 47.4 के प्रारंभिक अनुमान से थोड़ा कम है। यह मार्च 2023 के बाद से उच्चतम स्तर है, जो यूरोजोन के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में एक साल से अधिक समय में सबसे धीमी गिरावट को दर्शाता है। यह लगातार तीसरा महीना है जब उत्पादन में गिरावट धीमी रही, जबकि उत्पादन स्थिर होने के करीब है। नए ऑर्डर, निर्यात और खरीद गतिविधि में संकुचन भी कम हुआ। कीमतों के संदर्भ में, इनपुट लागत मामूली दर से कम हुई, और फैक्टरी गेट की कीमतें फिर से कम हो गईं।

कुल मिलाकर, जबकि चीन, भारत और अमेरिका जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मैन्युफैक्चरिंग उच्च मुद्रास्फीति और उच्च ब्याज दरों से जूझ रहा है, जबकि जापान में फैक्टरी गतिविधि में उछाल राहत की बात है। बढ़ती जीवन लागत, उच्च ब्याज दरें और अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण ने मांग को बढ़ावा दिया है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।